दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-253
मुरादाबाद
02 January 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### किसी भी बुरी ताकत के आगे नहीं झुकेंगे, पार्टी कार्यकर्ताओं से बोलीं ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने मातृभूमि का सम्मान करने, राज्य के हितों के लिए कार्य करने और जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ विश्वास की अभिव्यक्ति के रूप में एक जनवरी, 1998 को हुए टीएमसी के गठन का महत्व रेखांकित किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने सोमवार को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में टीएमसी के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से बुरी ताकतों का विरोध करने को कहा। गौरतलब है कि साल 1998 में आज ही के दिन यानी एक जनवरी को ममता बनर्जी ने कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का गठन किया था।एक जनवरी, 1998 में हुआ टीएमसी का गठन-ममता बनर्जी ने मातृभूमि का सम्मान करने, राज्य के हितों के लिए कार्य करने और जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ विश्वास की अभिव्यक्ति के रूप में टीएमसी के गठन का महत्व रेखांकित किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि वह पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और समर्थक के समर्पण और आत्म-बलिदान का विनम्रतापूर्वक सम्मान करती हैं। आज, टीएमसी परिवार को सभी के प्यार और स्नेह का आशीर्वाद मिला है। लड़ाई जारी रखने का संकल्प-बनर्जी ने देश के आम लोगों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, 'यह आपके अटूट समर्थन के बल पर हम इस महान लोकतांत्रिक देश में सभी के लिए आवाज उठाते रहेंगे। किसी भी बुरी ताकत के सामने झुकेंगे नहीं।'वर्ष 1998 में कांग्रेस से अलग होकर ममता बनर्जी ने टीएमसी का गठन किया।

## सीएम योगी को सामने देख चौंक गए बच्चे, बोले- हैप्पी न्यू ईयर महराज जी



गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी नजर दो बच्चों पर पड़ी। उन्होंने उन्हें अपने पास बुलाया। सीएम योगी को सामने देख बच्चों को यकीन ही नहीं हो पा रहा था। प्रफुल्लित होकर वे मुख्यमंत्री के पास पहुंचे और चरण स्पर्श कर बोल पड़े, हैप्पी न्यू ईयर महराज जी। नववर्ष का पहला दिन, गोरखनाथ मंदिर दर्शन-पूजन करने गए कुछ बच्चों के लिए यादगार बन गया। नए साल की पहली सुबह न केवल उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलाने वाली रही बल्कि उन्हें सीएम को हैप्पी न्यू ईयर बोलने और बदले में ढेर सारा प्यार-दुलार दिलाने वाली भी रही। संयोगवश सीएम योगी से मिलने का अवसर अकस्मात प्राप्त करने वाले बच्चों में से एक का जन्मदिन भी था, लिहाजा मुख्यमंत्री ने उसे अपने स्नेहिल आशीष से भी खूब अभिसिंचित किया।गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हमेशा की तरह सोमवार सुबह भी मंदिर परिसर का भ्रमण कर रहे थे। संयोग से यह नए साल का पहला दिन भी है। मंदिर परिसर का भ्रमण करते मुख्यमंत्री की नजर कड़ाके की ठंड में मंदिर में दर्शन पूजन करने आए कुछ बच्चों पर पड़ गई।उन्होंने प्यार से उन्हें अपने पास बुलाया। सीएम योगी से मुलाकात इस तरह हो जाएगी, इसका बच्चों को यकीन ही नहीं हो पा रहा था। प्रफुल्लित होकर वह मुख्यमंत्री के पास पहुंचे और चरण स्पर्श कर बोल पड़े, हैप्पी न्यू ईयर महराज जी। यह सुनते ही मुख्यमंत्री मुस्कुराने लगे। सिर पर हाथ फेरकर शुभकामनाएं, आशीर्वाद देने के साथ उन्होंने बच्चों का नाम और उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। शिवम पटेल नाम के बच्चे ने बताया कि वह प्रयागराज का रहने वाला है और परिजनों के साथ धर्मस्थलों की यात्रा करते हुए गोरखनाथ मंदिर आया है। जबकि गोरखपुर के रहने वाले बालक आकाश ने मुख्यमंत्री से कहा कि आज उसका जन्मदिन है और वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लेने आया है। यह सुनते ही सीएम योगी ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को खूब पढ़ने, स्वस्थ रहने और खूब आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

## यूपी में नए कानून के खिलाफ रोडवेज का चक्का जाम, सड़क पर उतरे चालक, टैक्सी चालकों ने भी दिया साथ



नए साल के पहले दिन सोमवार सुबह से ही लखनऊ समेत यूपी के सभी बस स्टेशनों पर ड्राइवरों ने बसों की हड़ताल कर दी। इससे पूरे प्रदेश में बसों का संचालन पूरी तरह ठप हो गया। नए सड़क दुर्घटना कानून के विरोध में नए साल के पहले दिन रोडवेज की अनुबंधित और निजी वाहनों के चालक हड़ताल पर चले गए हैं। इससे यूपी में सभी बसें खड़ी हो गई हैं। सुबह से ही रोडवेज परिसर में बसों का संचालन नहीं होने से यात्रियों की भीड़ लग गई। विभिन्न रूट पर बसों को लेकर निकलने में दोपहर 12 बजे तक बसों का संचालन नहीं हो सका। बसों का संचालन नहीं होने से बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए यात्रियों को गंतव्य तक जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद कुछ रूटों पर एआरएम ने अनुबंधित बसों का संचालन करवाया। नए कानून के विरोध में सोमवार को रोडवेज की अनुबंधित और निजी बसों के चालकों के साथ ट्रक चालकों ने भी हड़ताल की। चालकों ने विरोध प्रदर्शन कर नए कानून का विरोध किया। नए कानून में सड़क हादसा होने पर आरोपी वाहन चालक को 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये का जुर्माने का प्राविधान है। चालक नए कानून का लगातार विरोध कर रहे हैं। चालकों ने कहा कि वह रोजाना करीब 400 रुपये कमाते हैं। यदि हादसे में इस तरह से जुर्माना और सजा होगी तो परिवार भुखमरी के कगार पर आ जाएगा। जुर्माने की राशि कहां से देंगे। इसलिए ऐसा कानून न लाया जाए। सरकार ने जो कानून बनाया है, उनमें दुर्घटना होने पर 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। पांच लाख रुपये हम कहां से देंगे। सरकार इस कानून को वापस ले। जब तक सरकार कानून वापस नहीं लेगी। तब तक हम हड़ताल पर रहेंगे। सोमवार सुबह अपने गंतव्य को जाने के लिए बस अड्डे पहुंचे यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

### गैर जनपदों को जाने वाले यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

अयोध्या, बलिया, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी, रायबरेली व आसपास के जिलों को जाने वाले यात्रियों को खासतौर पर परेशानी का सामना करना पड़ा। रोडवेज की बसें नहीं मिलने पर प्राइवेट सवारी वाहन की तलाश में लोग गोलाघाट और अन्य स्थानो पर पहुंचे तो वहां भी उन्हें कोई सवारी वाहन नहीं मिला।

## Gujarat में नए साल पर बना सूर्य नमस्कार का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, PM मोदी ने '108' का जिक्र करते हुए दिया खास संदेश



गुजरात में साल 2024 का स्वागत करते हुए 108 स्थानों पर एक साथ सबसे अधिक लोगों द्वारा सूर्य नमस्कार करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इसको लेकर पीएम मोदी ने भी पोस्ट शेयर किया। पीएम ने कहा कि हम सभी जानते हैं हमारी संस्कृति में 108 अंक का विशेष महत्व है। पीएम द्वारा साझा की गई पोस्ट में प्रतिष्ठित मोढेरा सूर्य मंदिर की तस्वीरें भी दिखीं। गुजरात ने नए साल का स्वागत एक अलग ही अंदाज में किया।

2024 का स्वागत करते हुए 108 स्थानों पर एक साथ सबसे अधिक लोगों द्वारा सूर्य नमस्कार करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। पीएम मोदी ने किया पोस्ट- इसको लेकर पीएम मोदी ने भी पोस्ट शेयर किया। पीएम ने कहा कि हम सभी जानते हैं, हमारी संस्कृति में 108 अंक का विशेष महत्व है। पीएम द्वारा साझा की गई पोस्ट में प्रतिष्ठित मोढेरा सूर्य मंदिर भी शामिल है, जहां कई लोग शामिल हुए। पीएम ने कहा कि यह वास्तव में योग और हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सच्चा प्रमाण है। लोगों से की खास अपील पीएम ने इसी के साथ लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। पीएम ने कहा कि इसके फायदे बहुत हैं।

### 4000 से ज्यादा लोगों ने लिया भाग

1 जनवरी, 2024 की सुबह 108 स्थानों और 51 विभिन्न श्रेणियों में 4000 से ज्यादा लोगों ने इस सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राजसी मोढेरासूर्य मंदिर में आयोजित इस रिकॉर्ड तोड़ने वाले कार्यक्रम में कई परिवारों, छात्रों, योग उत्साही और यहां तक कि वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न समूहों ने भाग लिया।

### मुख्यमंत्री और गृह मंत्री भी हुए शामिल

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष सांघवी भी मोढेरा से समारोह में शामिल हुए। वहीं, गुजरात के गृह मंत्री संघवी ने कहा कि आज गुजरात ने सूर्यनमस्कार में देश और दुनिया का पहला विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया है,

जहां 108 स्थानों पर हजारों लोगों ने एक साथ योग किया है, इसपर मुझे काफी गर्व हो रहा है।

## PM मोदी की 22 जनवरी को दीवाली मनाने की अपील पर तेज प्रताप यादव बोले- राम तब आएंगे जब..




पटना में राजद नेता तेज प्रताप यादव ने पीएम मोदी की 22 जनवरी को दीवाली मनाने की अपील पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 जनवरी को दीवाली मनाने के आह्वान पर बिहार के मंत्री तेज प्रताप यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। तेज प्रताप ने पटना में कहा कि भगवान राम तभी घर आएंगे जब केंद्र में इंडिया (INDIA) गठबंधन का झंडा लहराएगा। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन पहले अयोध्या दौरे के वक्त कहा था कि ये ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हम सभी के जीवन में आया है। हमें देश के लिए नव संकल्प लेना है, खुद को नई ऊर्जा से भरना है। इसके लिए आप सभी 140 करोड़ देशवासी 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं।अपने घरों में राम ज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं प्रधानमंत्री मोदी ने 30 दिसंबर को कहा था कि ये ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हम सभी के जीवन में आया है। हमें देश के लिए नव संकल्प लेना है, खुद को नई ऊर्जा से भरना है। इसके लिए आप सभी 140 करोड़ देशवासी 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं। उन्होंने कहा था कि देश के सभी तीर्थ क्षेत्रों से और मंदिरों से मेरा आग्रह है कि भव्य राम मंदिर के निर्माण के निमित्त, 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन से पूरे देश के सभी तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता का बहुत बड़ा अभियान चलाना है। हर मंदिर में सफाई का अभियान हमें 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाना है। मेरी अपील है अयोध्या आने का मन 22 जनवरी को न बनाएं- इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि मेरे सभी देशवासियों से मेरी एक हाथ जोड़कर विनती है कि हर किसी की इच्छा है कि 22 जनवरी के आयोजन का हिस्सा बनने के लिए वह स्वयं अयोध्या आए। लेकिन आप जानते हैं कि हर किसी का आना संभव नहीं है। इसलिए सभी रामभक्तों से मेरा आग्रह है कि 22 जनवरी को एक बार विधिपूर्वक कार्यक्रम हो जाने के बाद, अपनी सुविधा के अनुसार वह अयोध्या आए, अयोध्या आने का मन 22 जनवरी को न बनाएं।

## मायावती ने नए साल की बधाई के साथ भाजपा-कांग्रेस पर बोला हमला, जानें बेरोजगारी-गैर बराबरी को लेकर क्या कहा?

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने देशवासियों को नए साल की बधाई दी है। बधाई के साथ-साथ मायावती ने भाजपा और कांग्रेस की नीतियों पर हमला बोला। उन्होंने बेरोजगारी, गैर बराबरी, आर्थिक असमानता जैसे मुद्दे उठाते हुए इशारों-इशारों में मोदी सरकार भी प्रहार कियाबहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय तो देश के विकास का ढिंढोरा किस काम का है? बेरोजगारों की फौज के साथ विकसित बेरोजगारी और पिछड़ापन जैसी बुनियादी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही हैं। छलावा ज्यादा है। बसपा सुप्रीमो ने सोमवार को देश और प्रदेशवासियों को नववर्ष की को केवल रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करनी होगी। सरकार केवल संकीर्ण राजनीतिक उन्होंने कहा कि देश की जनता को इस चुनावी साल में इसके प्रति जरूर गंभीर होना बहुजनों के आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बना देगा। साथ ही, जातीय जनगणना और अब भाजपा की जातिवादी, अहंकारी व गैर-समावेशी सरकार के दुष्प्रभाव से जरूरी है। बसपा से बेहतर कानून-व्यवस्था नहीं- उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध नियंत्रण, किसी सरकार का रिकार्ड रहा है? यह ऐसा कार्य है जो सर्वसमाज के लोगों ने देखा और दुनिया भर में रहने वाले भारतीय भाई-बहनों एवं उनके परिवार को नववर्ष सन् 2024 की




अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि लोगों की जेब में खर्च के लिए पैसे न हों, भारत कैसे संभव है? केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकारें, दोनों महंगाई, गरीबी, लोगों का ध्यान बांटने के लिए गारंटी वितरण में ही लगी हैं, जो समाधान कम और शुभकामनाएं देने के साथ अपने संदेश में कहा कि इज्जत की रोजी-रोटी के लिए सरकार स्वार्थ की राजनीति कर रही हैं, जिससे मुक्ति पाये बिना वास्तविक देशहित कैसे संभव है? चाहिये, वरना भाजपा की संघ तुष्टीकरण की नीतियों तथा इनका संकीर्ण राष्ट्रवाद देश के आदि के भूल सुधार के प्रयास का विरोध करके इनकी तरक्की नहीं होने देगा। पहले कांग्रेस गरीबों का विकास लगातार बाधित है। इसीलिए अब बसपा की सर्वजन हितैषी सरकार कानून-व्यवस्था तथा जनकल्याण एवं विकास के मामलों में बसपा सरकार से बेहतर क्या महसूस किया। वहीं दूसरी पार्टियों की सरकारों के दावे हवा-हवाई ज्यादा हैं। 1. देश व दिली मुबारकबाद। यह साल आप सब के लिए आत्म-सम्मान के साथ सुख, शान्ति, सुरक्षा व सफलता लेकर आए इसकी शुभकामनाएं, ताकि आर्थिक असमानता व अन्य गैर-बराबरी आदि से मुक्त लोगों का जीवन खुश-खुशहाल बने।

## संपादकीय Editorial

### Rahul's 'Nyaya Yatra'

Congress has announced to take out another yatra. Former party president Rahul Gandhi will lead the yatra. This time the yatra will start from Imphal, the capital of Manipur in the North-East, on January 14 and will conclude in Mumbai on March 20. The journey of about 6200 kilometers will be done by bus, although in between, padayatra and street meetings will also be done. The Yatra will pass through 85 districts of 14 states. The route will cover areas of 355 Lok Sabha seats, out of which Congress could win only 14 seats in the 2019 general elections. From that point of view, this is only an election campaign trip of the Congress, but among the states that will be visited during the trip, the Congress had 'zero' Lok Sabha seat share in the states of Gujarat, Rajasthan, Manipur, Nagaland. In the only state of Assam, Congress won 3 Lok Sabha seats. Apart from that, only one or two seats were allotted in the states. It has been named 'Bharat Nyaya Yatra', which will continue for 67 days. Earlier, 'Bharat Jodo Yatra' from Kanyakumari to Kashmir was of 136 days. During the current visit, the states of West Bengal, Bihar and Jharkhand will be covered, where the opposition coalition 'India' is in power. The opposition alliance is a strong political force in Uttar Pradesh and Maharashtra also. The yatra will also pass through states like Madhya Pradesh, Chhattisgarh and Rajasthan, where Congress has been badly defeated by BJP in the recent elections. There is a direct electoral contest between BJP and Congress in these states. However, now the question is whether the alliance constituents were taken into confidence before the 'Nyaya Yatra' or not? Or through this yatra, the constituent parties will be challenged in their own areas of influence, so that the alliance takes shape under the Congress umbrella? The question is also that how will socio-economic justice be provided to the people who will come in contact with Congress leader Rahul Gandhi during the yatra? What will be the policies of Congress especially for women, youth and deprived sections? Will an election promise be made to implement 'Nyaya Yojana' of Rs 6000 per month? Rahul Gandhi had also promoted this scheme a lot in the 2019 general elections, but the people of the country had expressed their confidence in the honorarium of Rs 6000 per year only for the farmers. Now the country should think again and again on the politics of 'freedom', because the country has a debt of about Rs 209 lakh crore. The International Monetary Fund is also alerting the Indian government on this increasing debt. However, he is also confident about our economic growth rate. By the time Rahul Gandhi's 'Nyaya Yatra' concludes, the Election Commission will have announced the dates of the general elections. In 2019 also, the schedule of general elections was announced in the month of March. Congress supporters believe that this is a journey to fight for the people who are wandering for 'justice' today, but is it being launched in comparison to the Prime Minister's 'Guarantee Yatra' or is Congress trying to fight for a certain vote bank? Congress has not given precise answers to such questions. This yatra will pass through areas with a population of about 98.75 crores. Will Rahul Gandhi be able to increase the number of votes for Congress? Congress's journey will also continue and Rahul Gandhi will also seek votes in favor of the party, hence such public relations campaigns are positive and praiseworthy. Congress believes that the impact of 'Bharat Jodo Yatra' is that its governments were formed in South Indian states like Karnataka and Telangana, even though such assessments were not done, hence Congress is hopeful that 'Nyaya Yatra' can also have wider impacts. Manipur riots can also become an election issue.

# Current Affairs: Elegy for the end of privileges and the political crisis of opportunistic leaders.

After the Panchayat elections, a new crop of local grassroots leadership is developing in Kashmir. They have options today that they never had before. The whole of India today is a vast possibility. So that political generation, which grew up in the old, privileged, opportunistic and alienated environment, is in trouble today. After the Rajouri terrorist incident, Farooq Abdullah's unfortunate statement came - 'Friends can be changed, not neighbours...if this is resolved through talks. If we don't go, our condition will be the same as that of Gaza-Palestine. What talks have to take place now? Pakistan's condition is that there will be no talk till the restoration of Article 370. If this is not to be restored, then it is clear that talks are not to take place. Be it Mehbooba Mufti or Farooq Abdullah, all of them are big advocates of talks with Pakistan. Let us assume that even if talks take place, Pakistan will definitely want the area of Kashmir Valley after the restoration of Article 370. But now Kashmir Valley is not on the negotiating table. Our only issue there is PoK. Therefore now there is no common ground left for talks in terms of old issues. In fact, the situation of dispute between India and Pakistan has till now been maintaining the power prospects of Sheikh Abdullah family. Mufti Mohammad Sayeed also later joined this Pakistani club. Sheikh Abdullah's ambition was to have an independent self-governing Kashmir. Going with Pakistan would not only end his dream but also his political existence. Therefore he stood with the non-violent secular India of Nehru-Gandhi. The advantage they got when the Indian Army pursuing the Pakistani tribals was suddenly stopped at Uri was that Shaikh's political opponent, the Punjabi Dogri language-speaking region, remained outside India and came into existence as POK. If that area was included in India, Sheikh Abdullah would have started facing challenges. Therefore, for the Sheikh to remain in power in Kashmir, it was necessary that the army not move forward from there. Second, privileges like Article 370 should be given to Kashmir. Since Mountbatten had got Nehru to announce the referendum, there was a compulsion to accept Sheikh Abdullah's words, due to which Article 370 was born. However, it was also opposed in the Constituent Assembly. As a symbol of the identity and privilege of Kashmir, Article 370 became the basis which gave a political basis to the separatist thinking there. Protecting this privilege became the goal for both the Abdullah family and the separatists. That is why the pain of ineffectiveness of Article 370 hurts these leaders even today. However, the privilege is gone, with Ladakh becoming a separate Union Territory, the expanse visible on the map has also disappeared. Jammu is happy, hearing the sounds of power. Therefore, the peace, development and prosperity of Kashmir's record breaking tourism are not being tolerated by those leaders. Here they are imagining Gaza and seeing ghosts in it. On the other hand, anti-Pakistan movement is gaining momentum in PoK. Another big problem for the separatist thinking is the possibility of the return of PoK. If this becomes possible, then the sun of supremacy of Kashmir Valley in Kashmir politics will set permanently. This is a big concern of the thinking of Sheikh Abdullah and Mufti Mohammad Sayeed and their heirs. After the Panchayat elections, a new crop of local grassroots leadership is developing in Kashmir. They have options today that they never had before. The whole of India today is a vast possibility. So, the political generation that grew up in the old, opportunistic, isolationist environment of privileges is in trouble today. With the year 2023 passing, his pessimistic statements and the old tune of talks with Pakistan are nothing more than a dirge.

# Digital India: Roadside QR codes, pandemic changed lifestyle and increased options

Traditional strongholds are being destroyed. With the ever-growing economy and spending power, what is better and more important for Indians is that they are ready to live desi style, and that too with just a click of a button. In the post-Covid scenario, not only India, but the entire People around the world have been inspired to think more deeply about their lifestyle and its choices. Be it big cities or small ones, people are now living a more conscious and deliberate life. This change in people's thinking after the shock of such a large number of sudden deaths was natural and also welcome. But, while these changes have come at the level of thinking, at the same time, many practical changes were also seen inspired by the rapid changes taking place in the country. The most prominent trend among these was the continued importance of digital payments in daily life. When Prime Minister Modi talked about Digital India and digital payments in the pre-Covid years, its adoption was considered far from the reality. But in the times of Covid, when even going to an ATM was fraught with risk, the option of digital payment proved to be a real life-saver. Today, QR codes are visible even at roadside coconut water vendors and fighting for change is now a thing of the past. Simply 'scan and pay' has become the mantra of today's era. Last year, when I was traveling to America and Turkey, I was surprised at how inconvenient it could be to carry money in my pocket all the time. At the beginning of the year, a video of the Deputy Prime Minister of Australia making digital payment was much discussed. The look of surprise on his face said it all. In fact, when it comes to digital payments, India is a leader. In the coming year we will also see many other services going digital. Smart homes will become popular as environmental consciousness increases, saving electricity and water to encourage eco-friendliness and thrift. If we analyze YouTube, the most popular creator there is 'wellness' guru. In fact, the last few years have taught us that health is merely a game of increasing immunity and many of the solutions to this 'immunity' lie in our food habits and lifestyle. From Apple Watch to wearable Make in India technology, more and more Indians are now seen using fitness apps on their mobile phones and are also keeping track of their sugar levels. In our country, which is known as the diabetes capital of the world, it has become very important to keep an eye on this lifestyle related disease. The good thing is that the prices of organic food items, which used to be quite high, have now become easily accessible even to the middle class consumer. Now more than ever, people are getting annual health checkups. Where earlier it used to take weeks for blood test reports to arrive, now reports are available within a few days or hours. YouTube, the hub of content creation from various walks of life, is now gaining ground over OTT platforms and electronic news media. Bloggers i.e. those with visual blogs have become celebrities, who are getting absorbed in people's lives by sharing authentic and relatable experiences. The glittering world of cinema has its place, but now it too is being challenged by these bloggers. This is an era of democratization of news and content, which is taking root. YouTube also becomes a means of earning money. Be it lifestyle or fashion, eco-friendly trends are being seen all over the world. India is also not untouched by this. Recently, when actress Alia Bhatt arrived to receive the National Film Award for Best Actress, she was wearing her wedding saree. This was an important step by a fashion icon, which would help young women avoid huge expenses to stay in fashion. India can become a leader in the field of eco-friendly lifestyle and fashion. We have been doing this for centuries without any noise. Long before plastic was considered an environmental hazard and the concept of phasing it out came into existence, Indian kitchens had a hook at the back of the door on which plastic bags were hung for re-use. Similarly, sarees are also passed on from generation to generation as inheritance, whether rich or poor. The rest of the world is, of course, now adopting it. But this has been our way of life. Our new generation just needs to be reminded. Another area is travel blogging, which is related to local tourism. These travel bloggers are exploring their own country. The country has enough diversity to keep a curious traveler excited for a lifetime. Recently, Prime Minister Modi also recognized this and suggested to organize destination weddings in India and especially in beautiful places like Uttarakhand. The interest in tourism and the growing national and international reputation of Indian spices is expected to increase in the coming years. If someone has to briefly tell about the past year and the coming year, then it would be enough to give him the mantra of 'Swa', which means, 'Buy Indian, Be Indian'. What is better and more important for Indians with the ever growing economy and increasing spending power is that they are ready to live desi style, and that too with just a click of a button.In the coming year we will also see many other services going digital. Smart homes will become popular as environmental consciousness increases, saving electricity and water to encourage eco-friendliness and thrift. If we analyze YouTube, the most popular creator there is 'wellness' guru. In fact, the last few years have taught us that health is merely a game of increasing immunity and many of the solutions to this 'immunity' lie in our food habits and lifestyle. From Apple Watch to wearable Make in India technology, more and more Indians are now seen using fitness apps on their mobile phones and are also keeping track of their sugar levels. In our country, which is known as the diabetes capital of the world, it has become very important to keep an eye on this lifestyle related disease. The good thing is that the prices of organic food items, which used to be quite high, have now become easily accessible even to the middle class consumer. Now more than ever, people are getting annual health checkups. Where earlier it used to take weeks for blood test reports to arrive, now reports are available within a few days or hours. YouTube, the hub of content creation from various walks of life, is now gaining ground over OTT platforms and electronic news media. Bloggers i.e. those with visual blogs have become celebrities, who are getting absorbed in people's lives by sharing authentic and relatable experiences. The glittering world of cinema has its place, but now it too is being challenged by these bloggers. This is an era of democratization of news and content, which is taking root. YouTube also becomes a means of earning money. Be it lifestyle or fashion, eco-friendly trends are being seen all over the world. India is also not untouched by this. Recently, when actress Alia Bhatt arrived to receive the National Film Award for Best Actress, she was wearing her wedding saree. This was an important step by a fashion icon, which would help young women avoid huge expenses to stay in fashion. India can become a leader in the field of eco-friendly lifestyle and fashion. We have been doing this for centuries without any noise. Long before plastic was considered an environmental hazard and the concept of phasing it out came into existence, Indian kitchens had a hook at the back of the door on which plastic bags were hung for re-use. Similarly, sarees are also passed on from generation to generation as inheritance, whether rich or poor.

# नये साल के जश्न में डूबे लोग, मचाया धमाल




मुरादाबाद- नए साल के पहले दिन भी ट्रेनों का इंतजार भारी पड़ा। विभिन्न पर्यटक स्थलों पर घूमने की योजना बनाने वाले दुखी हुए। रेल प्रबंधन ट्रेनों के विलम्ब की जानकारी देता रहा। अवध असम और जनसेवा एक्सप्रेस के निरस्त होने को लेकर घोषणाएं होती रही। उधर, गरीब नवाज, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, गरीब रथ, सत्याग्रह, आला हजरत और जन साधारण एक्सप्रेस के विलम्ब से चलने की जानकारी प्रसारित की जाती रही। दैनिक यात्री सुधीर पाठक, गुलरेज खान औए रानी जैन ने बताया कि रामनगर और काठगोदाम जाने वाली सवारी गाड़ी के फेरे कम कर दिए गए हैं, इस वजह से नया साल उत्सव प्रभावित हुआ। साल की आखिरी रात महानगर वासियों ने धमाल मचाया। हर ओर उत्साह से भरे बच्चे, युवा और महिलाएं इस रात को यादगार बनाने में लगे थे। जैसे ही घड़ी की सुई ने 12 बजने का संकेत दिया, यह उत्साह परवान चढ़ गया। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर नए साल की बधाई दी। आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी के नजारे देखने को मिले। सभी ने एक स्वर में बोला- हैप्पी न्यू ईयर। इस मौके पर होटलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पॉश कॉलोनियों और अपार्टमेंट में लोगों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। वहीं शोरगुल से दूर रहने वाले लोगों ने अपने घरों में नए साल का जश्न मनाया। उन्होंने मिल कर केक काटा और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इसके बाद पूरी रात सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को नए साल की बधाइयां देते रहे। उधर, नव वर्ष की पूर्व संध्या पर महानगर के रामगंगा विहार स्थित एक मॉल में खूब रौनक रही। मॉल को 2024 थीम पर सजाया गया था। सुबह से ही युवाओं की आवाजाही अन्य दिनों के अपेक्षा अधिक रही। इस दौरान लोगों ने फिल्मों का भी आनंद लिया। उधर, होटल-रेस्टोरेंट में भी जश्न का माहौल रहा। लोगों ने पूरी रात नए साल पर धमाल मचाया।

## गली-मोहल्लों और कालोनियों में भी आयोजित हुए कार्यक्रम

होटलों में आयोजित होने वाली न्यू ईयर पार्टी का जश्न शाम से शुरू होकर आधी रात तक चला। इसके अलावा अतिथियों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी की गई। उधर, न्यू ईयर का जश्न किसी ने परिवार के साथ तो किसी ने दोस्तों के साथ मनाया। होटल-रेस्टोरेंट के अलावा कालोनी और गली-मुहल्लों में भी आयोजन किए गए।

## चर्च में भी रही नववर्ष की धूम

नव वर्ष के अंतिम दिन सुबह पीलीकोठी स्थित चर्च में विशेष प्रार्थना की गई। इसमें फादर बृजेश मैंशल ने लोगों को बाइबल पढ़कर प्रभु यीशू के मार्गदर्शन में चलने के लिए प्रेरित किया। रात को चर्च में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए और नए साल का एक साथ इंतजार किया। घड़ी की सुई के 12 बजे पहुंचने के साथ ही नव वर्ष की बधाई एक-दूसरे के गले लगाकर दी। इस दौरान बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद रहे।

## पाश्चात्य संगीत पर झूमे युवा, जमकर की मस्ती

दिल्ली रोड स्थित निजी होटल में डांस, संगीत और स्वादिष्ट व्यंजन की खास तैयारी की गई। साल की आखिरी रात को खास बनाने के लिए प्रमुख राज्यों के व्यंजन का प्रबंध किया गया। जिसका लोगों ने खूब आनंद लिया। पाश्चात्य संगीत पर युवाओं ने जमकर मस्ती की, डीजे बैंड पर युवा जमकर थिरकें। वहीं रेस्टोरेंट में युवाओं के लिए तरह-तरह के व्यंजन और स्नेक्स की व्यवस्था रही। संजय मेहरोत्रा ने बताया कि युवाओं के लिए आर्केस्ट्रा पार्टी आकर्षण का केंद्र रही।

## बाजारों में रही खूब रौनक

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर महानगर के बाजारों में खूब रौनक रही। फूलों की दुकानें, गिफ्ट गैलरी ने लोगों को लुभाया। गिफ्ट गैलरी में 500 रुपये तक की कीमत के ग्रीटिंग कार्ड, राशि अनुसार मग, फैमिली क्लॉक सहित अन्य उपहार उपलब्ध रहे। इधर, फूलों की दुकान में 200 से लेकर 1000 रुपये तक के फूलों के गुलदस्ता की मांग रही। इस अवसर पर लोगों ने विशेष केक के आर्डर भी दिए थे।



# एक अभियुक्त को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया

क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ

मुरादबाद- पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद श्री आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मुरादाबाद के नेतृत्व में आज दिनांक 01.01.2024 को थाना जीआरपी मुरादाबाद द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अमनदीप पुत्र स्व0 कुलबिन्दर सिह निवासी चाऊ की बस्ती तारो वाली ज्यारत के पास लाईन पार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को प्लेटफार्म नं0 4/5 के अन्तिम छोर बरेली की तरफ रेलवे स्टेशन मुरादाबाद से एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# नए साल में ट्रेनों का इंतजार योजनाओं पर पड़ा भारी



मुरादाबाद- नए साल के पहले दिन भी ट्रेनों का इंतजार भारी पड़ा। विभिन्न पर्यटक स्थलों पर घूमने की योजना बनाने वाले दुखी हुए। रेल प्रबंधन ट्रेनों के विलम्ब की जानकारी देता रहा। अवध असम और जनसेवा एक्सप्रेस के निरस्त होने को लेकर घोषणाएं होती रही। उधर, गरीब नवाज, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, गरीब रथ, सत्याग्रह, आला हजरत और जन साधारण एक्सप्रेस के विलम्ब से चलने की जानकारी प्रसारित की जाती रही। दैनिक यात्री सुधीर पाठक, गुलरेज खान औए रानी जैन ने बताया कि रामनगर और काठगोदाम जाने वाली सवारी गाड़ी के फेरे कम कर दिए गए हैं, इस वजह से नया साल उत्सव प्रभावित हुआ।

# कथा कुंज साहिल एनजीओ द्वारा बांटे गए गरीबों को ठंड से बचने के लिए कंबल



क्यूँ न लिखूँ सच
सिकंदर राजा

मुरादबाद- सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। (Blankets distributed) उन्हें तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो आकर उनको ठंड से बचा सके ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े। बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कम्बल आदि का वितरण कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं इसी को देखते हुए कथा कुंज साहिल एनजीओ ने दिल्ली के पंत हॉस्पिटल के बाहर गरीब लोगों को कंबल वितरण कराए हैं दरअसल बताते चले की सर्द होती रातों में ठंड से कापंते गरीब, असहाय, लाचार लोगों को गर्माहट देने की ठोस पहल के तहत कड़ाके की ठंड में गरीब बच्चों व बुजुर्गों को गर्म कपड़ों के अभाव में न जीना पड़े इसके लिए कथा कुंज साहिल एनजीओ के सदस्य एवं समाजसेवी मुकेश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली पंत हॉस्पिटल के बाहर गर्म कम्बल बांटे। इस मौके पर डॉक्टर पारुल अग्रवाल मुकेश कुमार हरेंद्र कुमार आदि एनजीओ टीम के सदस्य मौजूद रहे

# डांस, म्यूजिक और आतिशबाजी के साथ साल 2024 का स्वागत



क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ

मुरादाबाद- देश और दुनिया में नए साल का स्वागत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। लोगों ने इस दौरान जमकर आतिशबाजी की। नए साल का स्वागत लोगों ने अपने-अपने अंदाज में किया और खूब जश्न मनाया.

मालूम हो कि पूरा देश नए साल के जश्न में डूब गया है। इस मौके मुरादाबाद के लोगो ने भी नव वर्ष का खूब जश्न मनाया. देर रात तक सिविल लाइन.मझोला.कटघर. मुगलपुरा. पाकबड़ा आदि क्षेत्रों में जमकर नए साल के मौके पर आतिशबाजी की गई.वही मुगलपुरा इलाके के पीरगेब में कुद्दूसी परिवार ने भी नए साल का जश्न बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया.

हाजी कोसर कुद्दूसी के परिवार की महिलाओं और बच्चों ने देर रात तक घर में डीजे पर जमकर डांस किया.रविवार की रात घड़ी की सुई ने जैसे ही 12 बजाए कुद्दूसी परिवार ने अनार फुलझड़ी बम जलाकर एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी. इस मौके पर हाजी कोसर कुद्दूसी. जावेद कुद्दूसी. रिंकू कुद्दूसी. कामरान कुद्दूसी. शयन कुद्दूसी व महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान को बचाने के लिए देहात विधायक से मिले



मुरादाबाद-आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के पदाधिकारियों ने मुरादाबाद देहात क्षेत्र के विधायक हाजी नासिर कुरैशी से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन सौंपकर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान को बचाने और शहर के संस्थापक रुस्तम खां के कुंए की जर्जर स्तिथि को ठीक कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से विधायक को बताया गया कि इतनी बड़ी आबादी के शहर में केवल एक ही खेल का मैदान है जो कि राजकीय इण्टर कॉलेज में हैं। जहां क्षेत्र के गरीब होनहार बच्चे खेलने आते हैं। उसे निरंतर छोटा किया जा रहा हैं और यह एक साज़िश है जिससे बच्चो को खेलने का मैदान भी न मिल सके। उन्होंने कहा कि राजकीय इण्टर कॉलेज की बड़े भवन में केवल 500 के क़रीब या उससे कुछ अधिक ही छात्र हैं यदि उसे ही अच्छे से पढ़ने योग्य बनाया जाए तो वहा लगभग 2000 छात्र छात्राएं पढ़ सकते हैं। विधायक से राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में बन रही इमारत का निर्माण रुकवाने की मांग की। इस दौरान फ़िरोज़ खान, महानगर अध्यक्ष साहिल शम्सी, अतीकउर रहमान, मोहसिन खान, मिर्ज़ा बेग, रेहान खान, मुजाहिद पठान, खुर्शीद, नदीम सैफी , ज़मीर इक़बाल आदि मौजूद रहे।

# जहरीला इंजेक्शन लगाकर हत्या करने के आरोपी जीजा-साले पर गैंगस्टर

मुरादाबाद- कांशीराम कॉलोनी की रेनू देवी के पति राकेश कुमार को जहरीला इंजेक्शन लगाकर उनकी हत्या के आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि इस घटना में नरेश व इसका भाई प्रदीप और जीजा रामवीर नामजद था। तीनों के विरुद्ध रविवार रात में गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि इन तीनों अभियुक्तों में गैंग का लीडर नरेश है, जो गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर जहरीला इंजेक्शन लगाकर हत्या जैसी संगीन घटनाएं करते हैं। उन्होंने बताया कि तीनों अभियुक्त जेल से बाहर जमानत पर हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्त नरेश व प्रदीप चैतिया फार्म हाउस बसंत विहार कॉलोनी के रहने वाले हैं, जबकि इसका जीजा रामवीर संभल जिले के असमौली के सींधरी का रहने वाला है। शुरूआत में आरोपियों के विरुद्ध रेनू देवी ने मझोला थाने में 16 अक्टूबर 2021 को जानलेवा हमले के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। बी-335 कांशीराम कॉलोनी सिंगल स्टोरी की रेनू देवी ने उस समय पुलिस को बताया था कि उनके पति राकेश कुमार 14 अक्टूबर 2021 को अपने मौसेर भाई के साथ लाइनपार से कपड़े खरीदकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। रास्ते में बाइक सवार तीन व्यक्ति प्रदीप, नरेश व इनका जीजा रामवीर उनका पीछा कर रहे थे। राकेश रात के 10.15 बजे स्कूटी से घर पहुंचे थे। वह घबराए थे। उन्होंने रेनू से बताया भी था कि पीछा कर रहे तीनों लोग उनके कंधे पर जहर का इंजेक्शन लगाकर भाग गए हैं। रेनू ने इसकी जानकारी रिश्तेदारों के साथ 112 पुलिस को भी दी। साथ ही पति को इलाज के लिए अस्पताल ले गई, मगर वह उन्हें बचा नहीं पाई थीं। मझोला पुलिस ने प्रारंभिक प्रार्थना पत्र पर जानलेवा हमले के आरोप में तीनों आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की थी। पीड़ित की मौत होने पर मामले को हत्या के आरोप में दर्ज किया था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## शिव महापुराण कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन व 2 जनवरी 2024 को सार्वजनिक विशाल भंडारा

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



रामपुर बघेलान ग्राम देवमऊ दलदल के कुल पूज्य माता मंदिर में 25 दिसंबर से आयोजित शिवपुराण कथा का समापन 1 जनवरी को पूर्णाहुति के साथ हुआ। शिवपुराण के कथा वाचक पंडित श्री भूपेंद्र महाराज के सानिध्य में संपन्ना किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। कथा वाचक पंडित श्री भूपेंद्र महाराज ने अंतिम दिन की कथा सुनाते हुए भक्तों से कहा कि शिव के महात्मय से ओत-प्रोत यह पुराण शिव महापुराण के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है। अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले-भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्ना होकर भक्तों को मनवाँछित फल देने वाले हैं। कथावाचक पंडित भूपेंद्र ने श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों में भावनाएं होनी जरूरी है। सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु यह एक शिव पुराण का स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि अपने चारों ओर सदैव वातावरण शुद्ध रखें। जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है। जल,वायु, पेड़ एक चेतन से लेकर जड़ चेतन में आकर एक-दूसरे के सहायक बनते हैं। जहां अधार्मिकता बढ़ जाती है और कर्म को भूल जाते हैं, वहां शिव और शक्ति दोनों नहीं होते।शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ही मनुष्य को सांसारिक बन्धनों से मुक्त कर सकते हैं, शिव की भक्ति से सुख व समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। कहा कि इस अलौकिक शिवपुराण की कथा सुनना अर्थात पाप से विमुक्त होना है। आयोजित शिव महापुराण में कथा को सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुचे। कथा सार सुनकर श्रोता झूम उठे।पूर्णाहुति के पूर्व शिवपुराण के कथा वाचक पंडित भूपेंद्र महाराज ने शिव महापुराण कथा का सार बताया। उन्होंने कहा कि अपने अभिमान में चूर होकर दक्ष प्रजापति ने कनखल में यज्ञ किया। इसमें सभी देवों व ऋषि मुनियों को आमंत्रित कर उन्होंने भगवान शिव की उपेक्षा की। इसकी सूचना सती को अपनी सहेलियों से मिली, इसके बाद शिव के समझाने के बाद भी वे यज्ञ में पहुंच गई। वहां देखा कि भगवान शिव का अपमान हो रहा है। पूछने पर राजा दक्ष ने सती का भी अपमान किया। नाराज सती ने यज्ञ कुंड में ही अपना शरीर त्याग दिया। यह जानकारी जब शिव को हुई,तब वे रौद्र रूप में आ गए और उन्होंने अपने गणों की मदद से कनखल को तबाह कर दिया। कथा के इस प्रसंग को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए

## बाबा रामदास ब्रह्मचारी जी के जन्मदिन के मौके पर भक्तों ने फलों सिक्कों से तुला दान किया

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी




मऊरानीपुर- नगर के मोहल्ला कुरैचा नाका स्थित प्रसिद्ध धनुषधारी मंदिर परिसर में चल रही दस दिवसीय श्री मद भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया कथा व्यास एवं मंदिर महंत बुंदेलखंड पीठाधीश्वर बाबा रामदास ब्रह्मचारी के जन्मदिन के मौके पर भक्तों ने फलों सिक्कों से तुला दान किया और साथ ही साथ तिलक व मल्यापर्यन किया तथा उन्हें तमाम प्रकार के उपहार भेंट किए महंत ने भी अपने भक्तो को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य व दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं देने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों भक्तों ने हजारी लगाई । संयुक्त मीडिया क्लब मऊरानीपुर के संरक्षक सोनू मिश्रा,गिरवर सिंह तहसील अध्यक्ष राजीव दीक्षित तहसील उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार नगर अध्यक्ष संजीव तिवारी,महासचिव अश्वनी सिंह,नगर उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास,ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश राज ने मंहत को माला पहनाकर स्वागत करते हुए आशीर्वाद लिया इस मौके पर आशू भारद्वाज,प्रमोद सिंह झांकरी,आयुष श्रीवास,हरिश्चंद्र आर्य,देवेंद्र चतुर्वेदी,अभिनव श्रीधर,शुभम वैध,दीपक मोदी,प्रह्लाद सिंह,राम आसरे बाबू जी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालजन मौजूद रहे

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में 6 जनवरी को खटखरी में लगेगा शिविर

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

हनुमना । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 6 जनवरी को खटखरी ग्राम पंचायत में भव्य स्तर पर किया जाएगा इस संबंध में जानकारी देते हुए खटखरी ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि व जनपद सदस्य के द्वारा बताया गया की 6 जनवरी को ग्राम पंचायत खटखरी के शनिधाम परिसर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की संबंध में भव्य शिविर का आयोजन होगा जिसमें मऊगंज जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल की मौजूदगी रहेगी जिन लोगों को समस्याएं होंगी उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा साथ ही 7 जनवरी को उसी जगह पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जिससे कि जिन लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है उसे भी दूर किया जा सके वही सरपंच प्रतिनिधि और जनपद सदस्य के द्वारा सभी लोगों से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लें।

## पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण जरूरी है - कुँवर सत्येन्द्र पाल सिंह

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




झाँसी। बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँ0 सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के कार्यकर्ताओं ने गाँधी पार्क कचहरी चौराहा झाँसी पर पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की मांग को लेकर धरना दिया । धरना स्थल पर ही राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में सभा की गई । सभा के उपरान्त नगर मजिस्ट्रेट झाँसी को धरना स्थल पर ही प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर पुन: पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की मांग की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँ0 सत्येन्द्र पाल सिंह ने प्रभारी अधिकारी से कहा जिस बुन्देलखण्ड राज्य की स्थापना 12 मार्च 1948 को हुई थी केन्द्र सरकार ने उस पृथक बुन्देलखण्ड राज्य को 01 नवम्बर 1956 को तत्कालीन प्रधानमंत्री प0 जवाहरलाल नेहरू ने समाप्त कर दिया था। अब पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण जरूरी हैं। बुन्देलखण्ड का शोषण हो रहा है लेकिन अभी प्रधानमंत्री जी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ज्ञापन से पूर्व धरना स्थल पर सभा को सम्बोधित करते हुये बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँ0 सत्येन्द्र पाल सिंह ने कार्यकताओं से आवाहन किया गया कि वे अपने क्षेत्र में शाम को जनता को जागरूक करें , कोई साथ में न मिले तो अकेले ही निकलें। रोज कम से कम 04 घरों में जायें । अब आन्दोलन गांव - गांव और गली गली में पहुंच चुका है। आन्दोलन को तेज करना पडेगा । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उ0प्र0 व म0प्र0 सरकारों की उपेक्षा के कारण ही बुन्देलखण्ड में गरीबी है। बुन्देलखण्ड के नौजवानों को नौकरी नहीं मिल पा रही है। बुन्देलखण्ड में रोजगार के साधन नहीं है, खेती के लिये पानी नहीं है। हम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से मांग करते हैं कि बुन्देलखण्ड वासियों की पीड़ा को समझिये और बुन्देलखण्ड राज्य की बहाली करिये। जब बुन्देलखण्ड राज्य पुन: अलग बनेगा तभी राज्य का विकास हो सकेगा। बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन महासचिव हरि नारायण श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महासचिव मो0 नईम मंसूरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा क्रान्ति दल शरद प्रताप सिंह एड0, अलख प्रकाश साहू, प्रदेश अध्यक्ष युवा क्रान्ति दल अरविन्द सिसोदिया, अल्प संख्यक सेल के अध्यक्ष आरिफ कमाल, देवेन्द सेंगर, जिलाध्यक्ष महिला क्रान्ति दल श्रीमती शारदा शर्मा ,वीर सिंह गहलोत, प्रताप कुशवाहा, मजदूर नेता लोकेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह परिहार , जुबेर खान, महेन्द्र चौधरी, जगदीश विश्वकर्मा ,कालीचरन श्रीवास, लियाकत अली, राम प्रसाद शेख अरसद ,जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा ,छात्र क्रान्ति दल के प्रदेश अध्यक्ष राजू बंशकार, भोला शंकर कुशवाहा, राजकुमार विश्वकर्मा ,अजय पटेरिया, विकास साहू, अखिलेश कुमार , प्रिंस विदुआ , शिवम हरि , श्रीमती शशि गुप्ता, श्रीमती आरती, श्रीमती कविता ,श्रीमती मुन्नी अहिरवार ,दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र अहिरवार, अनवार अहमद मंसूरी, दुर्गा प्रसाद, जगभान सिंह उपस्थित रहे। सभा का संचालन ने किया राष्ट्रीय महासचिव मो0 नईम मंसूरी, व प्रदेश अध्यक्ष युवा क्रान्ति दल अरविन्द सिसोदिया ने आभार व्यक्त किया।

## दिव्यांग बच्चों हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी



प्राथमिक विद्यालयों में सामान्य बच्चों के साथ-साथ विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक उन्नयन हेतु समेकित शिक्षा के अंतर्गत चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आज खंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रसून जैन द्वारा समापन किया गया इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक को नोडल टीचर नामित करते हुए संदर्भ दाता श्री घनश्याम भारती एवं श्री चौरसिया जी द्वारा बच्चों को किस प्रकार से हम विभिन्न शैक्षिक सहगामी क्रियाकलापों को सीखने का कार्य करें साथ ही दिव्यांगता के 21 प्रकारों को क्रमबद्ध तरीके से बताया गया ताकि हम अपने स्तर से बच्चों में इसकी पहचान कर सकें। सांकेतिक भाषा में अंग्रेजी वर्णमाला और अंकों का ज्ञान भी कराया गया इस मौके पर विक्रम रसिया, बसंत पटेल, राघवेंद्र सिंह निरंजन, राजकुमार, श्री खान, मोहिनी गुप्ता ,भेषज कुमार आदि ने लेखाकार ब्लॉक संसाधन केंद्र रूपांधमना ने सभी का आभार व्यक्त किया।।

## त्यौंथर के सेक्टर त्यौंथर अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत चंदपुर में पहुंची

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा



विकासखंड त्यौंथर के सेक्टर त्यौंथर अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत चंदपुर में पहुंची। जिसमे आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल हेल्थ मिशन के जिला नोडल अधिकारी जी रहे,साथ ही जिला सीओ आदरणीय सौरभ सर जी रहे।ग्राम पंचायत में जनपद से आए हुए सभी पदाअधिकारियों में आदरणीय सीओ साहब ?श्री राहुल पांडे जी त्यौंथर ,एसडीएम साहब आदरणीय पी0के पांडे जी त्यौंथर,तहसीलदार साहब आदरणीय राजेश तिवारी जी त्यौंथर,जनपद त्यौंथर से ही आदरणीय अरविंद तिवारी जी,महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी त्यौंथर आदरणीय श्री दीपक मिश्रा जी सुपरवाइजर श्रीमती प्राची सिंह जी,जनपद साथ पंचायत के जनपद सदस्य आदरणीय श्री वेद प्रकाश जी, सरपंच,सचिव वा ग्राम रहवासी भी उपास्थित रहे। जिसमे विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश पर प्रकाश डालते हुए,अलग अलग विभागो से आए हुए अलग-अलग कर्मचारियों के द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं को ग्रामीण जनों के समक्ष बताया गया,जिसमे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से ज्योति सिंह जी द्वारा प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के बार में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ।बैंकिंग परियोजना पर आदरणीय मैनेजर साहब श्री रोशन लाल जी ने लोगो को विभिन्न बैंक संबंधी योजनाओं की जानकारी दी,समूह के अधिकारी, कल्याण एवं कृषि विभाग संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी

## वरिष्ठ अधिवक्ता बरखा वर्मा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद में राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनयन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद में बरखा वर्मा राष्ट्रीय सचिव महिला विंग के पद पर मनोनयन किया गया है जिसमें अधिवक्ता संघ के तरफ से एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के द्वारा एवं संगठन के सभी पदाधिकारी के द्वारा फोन के माध्यम से एवं फिजिकली मिलने पर बधाई दी जा रही है मध्यप्रदेश के सिहोर जिला में खुशी का माहौल बना हुआ है जिन जिन को पता चल रहा है कुछ घर आकर कुछ फोन के माध्यम से बधाई दी जा रही है इसी कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद से एवं प्रदीप कुमार तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने भी फोन के माध्यम से बधाई प्रेषित की है

## 60 बोरी अवैध धान के परिवहन की गई जब्ती



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- अवैध धान संग्रहण परिवहन व बिक्री पर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी रखें हुये है। बाहर से धान लाकर बेचनेवालों व कोचियागिरी करने वालों की खिलाफ ठोस कार्यवाही की जा रही है।इसी के तहत बकीरमा में आज 60 बोरी धान की जब्ती की गई है, एक कृषक द्वारा 60 बोरी धान कोचिया के यंहा से धान समिति बिक्री के लिये ले जाया जा रहा था। पूछताछ करने पर संतोष जनक जवाब न मिलने के स्थिति में संबंधित अधिकारी के द्वारा धान की जब्ती कर प्रेमनगर थाना के सुपुर्द किया गया है।

## नए कानून को लेकर ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर,किया चक्का जाम, पुलिस मौके पर




क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी में थाना क्षेत्र स्थित झाँसी शिवपुरी हाईवे पर ट्रक चालकों ने किया चक्का जाम, पुलिस मौके पर सड़क दुर्घटना को लेकर बनाए गए नए कानून से ट्रक ड्राइवर खफा नजर आ रहे। बनाए नए कानून में बदलाव की मांग को लेकर सभी जगह ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए। ट्रकों के पहिए जाम होने से सड़कों पर भारी जाम लगा हुआ है। इसी प्रकार झांसी में भी ट्रकों के पहिए जाम से होने से यातायात प्रभावित हो गया है। पुलिस को यातायात सुचारू करने में मशक्कत करनी पड़ रही है।

बता दे कि झाँसी में सुबह से ही रक्सा हाईवे और ग्वालियर रोड हाईवे पर ट्रक चालक हड़ताल पर चले गए और ट्रकों को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम में फसे वाहनों को सुरक्षित निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस दौरान जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही। वही मौके पर पहुंची पुलिस भी काफी जद्दो-जहद करती नजर आ रही है।

## जिलाधिकारी ने नववर्ष जनपदवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की मंगल कामना की

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



